भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1834
दिनांक 22.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

जी–20 शिखर सम्मेलन के लिए रणनीतियाँ

1834. श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अगले वर्ष भारत में आयोजित होने वाले जी–20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रस्तावित/नियोजित रणनीतियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में मुख्यमंत्रियों के साथ सर्वदलीय बैठक आयोजित की है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या किसी राजनीतिक दल/मुख्यमंत्री ने बैठक का बहिष्कार किया था;

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) इस संबंध में अनुसूचित प्रारंभिक बैठकों का ब्यौरा क्या है; और

(छ) भारत में जी–20 शिखर सम्मेलन के लिए चुने गए महानुभवों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) 18वां जी20 शिखर सम्मेलन 09 और 10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। G20 सदस्यों (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ) के राष्ट्राध्यक्षों / शासनाध्यक्षों के अलावा 9 अतिथि देशों (बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात) और 14 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों (एडीबी, आसियान चेयर, एयू चेयर, एयूडीए–एन ईपीएडी अध्यक्ष, सीडीआरआई, एफएसबी, आईएलओ, आईएमएफ, आईएसए, ओईसीडी, यूएऩ, विश्व बैंक, डब्ल्यूएचओ और डब्ल्यूटीओ), और उनके साथ आने वाले प्रतिनिधिमंडलों को सितंबर 2023 में जी–20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। शिखर सम्मेलन जी–20 शेरपा, वित्त ट्रैक और सहभागिता समूहों की विभिन्न बैठकों की परिणति होगी।

(ख) से (ङ) संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों/प्रमुखों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में जी20 की भारत की अध्यक्षता पर एक संक्षिप्त बैठक 5 दिसंबर 2022 को आयोजित की गई थी। बैठक में 27 राजनीतिक दलों के अध्यक्षों/प्रमुखों और कुछ मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया ।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 9 दिसंबर 2022 को भारत की जी–20 अध्यक्षता से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करने के लिए सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपालों / उपराज्यपालों और मुख्यमंत्रियों की एक वर्चुअल–मोड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान कई राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने अपने विचार साझा किए।

(च) और (छ) 09 और 10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले जी–20 शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए, 30 से अधिक अलग–अलग कार्यक्षेत्रों में देश भर में जी–20 की लगभग 200 बैठकें आयोजित की जाएंगी जिनमें शेरपा ट्रैक कार्यकारी समूह, वित्त ट्रैक वर्कस्ट्रीम, मंत्रिमंडलीय बैठकें और सहभागिता समूह शामिल हैं।

*****